Title: Need to run Bhopal-Rajkot Express train via Katni-damoh Sagar, Bina (Madhya Pradesh) and Rajkot (Gujarat)-Laid.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : मेरा संसदीय क्षेत्र सागर एवं समीपस्थ संसदीय क्षेत्र दमोह कटनी बीना रेल मार्ग पर पड़ते हैं। कटनी बीना मार्ग को रेल विभाग द्वारा गड्स ट्रेक घोति करने के कारण जब भी कोई नई ट्रेन रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित की जाती है, उसको इस मार्ग से चलाने के स्थान पर कटनी जबलपुर इटारसी मार्ग से चलाया जाता है। भोपाल राजकोट एक्सप्रेस का कटनी दमोह सागर बीना भोपाल राजकोट इस मार्ग से चलाये जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। भोपाल राजकोट एक्सप्रेस को सप्ताह में चार दिन इटारसी मार्ग से जबलपुर तक बढ़ाया गया है। कटनी, बीना मार्ग की तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। कटनी सागर दमोह में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु रहते हैं। इन क्षेत्रों की जनता का व्यापारिक कार्यो से बड़ी संख्या में गुजरात आना जाना होता है। गुजरात जाने के लिए कोई भी सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। ये ट्रेन तीन दिन तक भोपाल में ही खड़ी रहती है। तीन दिन भोपाल में गाड़ी को खड़ा करने के स्थान पर इसको कटनी तक बढ़ाकर कटनी दमोह सागर बीना भोपाल के रास्ते से चलाकर यात्रियों को सुविधा व रेलवे राजस्व प्राप्त कर सकता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सप्ताह के बाकी तीन दिन भोपाल राजकोट एक्सप्रेस को कटनी, बीना, भोपाल राजकोट इस मार्ग से चलाये जाने का सहयोग करें।